हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 1 अप्रैल 2024

06 पुलिस ने 20 हजार रुपए से अधिक की अवैध ...

07 नगरपालिका ठेकेदारों की साइड पर सरकारी ...

**लोकसभा क्षेत्र**
होशंगाबाद

1 भाजपा प्रत्याशी
दर्शन सिंह चौधरी

2 कांग्रेस प्रत्याशी
संजय शर्मा

**पिछली बार कौन जीता**
राव उदय प्रताप सिंह

**जीत का अंतर**
5 लाख 53 हजार 682

## क्या रहेंगे मुद्दे?

अवैध रेत खनन यहां का बड़ा मुद्दा है। इसके अलावा यहां नहरों की लाइनिंग की मांग काफी पुरानी है। कृषि आधारित इंडस्ट्रीज यहां की पुरानी मांग है, जबकि एक भी बड़ा कॉलेज न होने से विद्यार्थी काफी परेशान हैं। किसी प्रकार का आईटी उद्योग नहीं है। आईटी पार्क की भी पुरानी मांग है। होशंगाबाद लोकसभा के हर चुनाव में शिक्षा व रोजगार को लेकर कई वादे किए जाते हैं, लेकिन कभी कोई वादा पूरा नहीं हुआ। इसको लेकर अभी हाल ही में शिक्षा हब बनाने की प्लानिंग बनी, लेकिन उस पर भी अभी कोई काम नहीं हुआ। इस बार होशंगाबाद के मतदाता अपनी पुरानी मागों को उम्मीदवारों के सामने रखने का मन बना चुके हैं।

### होशंगाबाद लोकसभा सीट पर कभी भी जातीय आधार पर सफलता नहीं मिल सकी

# दूसरे दलों ने पत्ते नहीं खोले, भाजपा-कांग्रेस में मुकाबला

*होशंगाबाद लोकसभा सीट मध्यप्रदेश में हमेशा चर्चित सीट रही है, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह यहां से चुनाव हार चुके हैं और पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा जीत चुके हैं। कर्नाटक से आए नेता भी चुनाव जीत चुके हैं। वर्ष 2019 में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की थी। इस सीट से भाजपा के राव उदय प्रताप सिंह ने कांग्रेस के दीवान शैलेंद्र सिंह को 5 लाख 53 हजार 682 वोटों के बड़े अंतर से हराया था।*

ग्राउंड रिपोर्ट

आनंद सक्सेना ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की होशंगाबाद लोकसभा पर इस बार कांग्रेस ने संजय शर्मा तो भाजपा ने दर्शन सिंह चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है। यही कारण है कि अब इस सीट का मुकाबला दिलचस्प हो चुका है।

होशंगाबाद लोकसभा सीट से भाजपा ने होशंगाबाद नरसिंहपुर सीट से किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके बाद से चौधरी लगातार लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं। दर्शन सिंह किरार धाकड़ समाज से आते हैं। उन्हें पूर्व सीएम शिवराज सिंह का करीबी माना जाता है। वहीं कांग्रेस ने तेंदुखेड़ा के

दर्शन सिंह चौधरी

संजय शर्मा

पूर्व विधायक संजय शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। शर्मा ने भी चुनावी अभियान की शुरूआत कर दी है। होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में संजय शर्मा पूर्व में चुनाव प्रभारी भी रह चुके हैं। गौरतलब है कि होशंगाबाद लोकसभा सीट पर 1951 से लेकर 2019 तक 16 आम चुनाव हो चुके हैं, जिनमें से 6 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। जबकि 8 चुनावों में भाजपा ने जीत हासिल की है। इसके अलावा 2 बार दूसरे दलों को जीत मिली है। यहां से वर्ष 1967 और 1971 में कांग्रेस प्रत्याशी नीतिराज सिंह लगातार 2 बार जीत हासिल की थी। वर्ष 1977 में पहली बार इस सीट पर कांग्रेस और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के बजाय जनता पार्टी ने चुनाव जीता था। वर्ष 1980 और 1984 में कांग्रेस के रामेश्वर नीखरा लगातार दो बार सांसद चुने गए, लेकिन वर्ष 1989 में भाजपा के सरताज सिंह ने पहली बार जीत हासिल की और वर्ष 1999 तक लगातार यहां से चुनाव जीतते रहे।

वर्ष 2009 में लंबे समय बाद कांग्रेस की वापसी हुई, लेकिन वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा ने यहां से फिर जीत हासिल की थी। इस समय लोकसभा चुनाव को लेकर माहौल अलग है। इसलिए साफ तौर पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। मतदान और वोटों की गिनती के बाद ही स्थिति साफ होगी।

### विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सफाया

पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को एक भी सफलता नहीं मिली। सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। सांसद रहते हुए उदय प्रताप सिंह विधानसभा चुनाव जीते और मंत्री बने। बता दें कि होशंगाबाद लोकसभा सीट से वर्ष 1951 के पहले आम चुनाव में कांग्रेस के सैयद अहमद ने जीत दर्ज की थी। जबकि वर्ष 1952 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था, जिसमें प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के एचवी कामथ चुनाव जीते थे। वर्ष 1957 में कांग्रेस ने यहां वापसी की थी। यह वापसी अगले चुनाव यानि कि वर्ष 1962 में फिर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के हरिविष्णु कामथ के पाले में गई।

### आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं लोकसभा में

होशंगाबाद लोकसभा सीट में नर्मदापुरम, सोहागपुर, सिवनी मालवा और पिपरिया आते हैं, जबकि नरसिंहपुर जिले की नरसिंहपुर, तेंदुखेड़ा और गाडरवारा विधानसभा सीट शामिल है। इसके अलावा रायसेन जिले की उदयपुरा विधानसभा सीट भी होशंगाबाद लोकसभा सीट में ही आती है। होशंगाबाद लोकसभा सीट भाजपा का मजबूत गढ़ मानी जाता है। यही कारण है कि इस सीट पर कई दिग्गज मैदान में उतरते रहते हैं। इस सीट पर पहले 2 पूर्व मुख्यमंत्री भी अपनी भाग्य आजमा चुके हैं। कांग्रेस के दिग्गज नेता अर्जुन सिंह यहां से चुनाव लड़े थ, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं भाजपा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा ने 1999 में यहां से जीत हासिल की थी।

### आबादी में जातियों का समीकरण

होशंगाबाद लोकसभा सीट में लोधी कुर्मी लोवंशी 12 प्रतिशत किरार 6 प्रतिशत, ब्राह्मण 2 7 प्रतिशत, रघुवंशी 12 प्रतिशत गौंड 9 प्रतिशत, मुस्कान 7 प्रतिशत, बौद्ध 2 प्रतिशत, जैन 1 प्रतिशत, एसटी 12.5 प्रतिशत, एसटी 16.5 प्रतिशत ठाकुर 5 प्रतिशत है। यहां कभी भी जातीय आधार पर वोटिंग नहीं हुई। यहां से सैयद मुशा से लेकर उदय प्रताप सिंह तक हमेशा कम वोटर वाली जाति के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। सरताज सिंह 3 बार जीते, जबकि सिख वोटर न के बराबर है। रामेश्वर नीखरा 2 और सुंदरलाल पटवा 1 बार चुनाव जीते, जबकि वैश्य समाज से वोटर बहुत कम रहे।

## खबर संक्षेप

### लिपिक संवर्ग के नियमित कर्मचारियों को लेखा प्रशिक्षण आज

**सागर।** नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र 109 वॉ 1 अप्रैल से 15 जून तक प्रारंभ होने किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण लिपिक संवर्ग के नियमित कर्मचारी जिन्होंने एक वर्ष की नियमित लिपिकीय सेवा पूर्ण कर ली है को दिया जावेगा जो 75 दिवसीय है। जिसमें मप्र कोषालय संहिता, वित्तीय संहिता, मलमूत पूरक एवं पेंशन नियम, बजट/ आडिट/ आईएफएमआईएस का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेंगा। इस प्रशिक्षण के उपरांत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंको से पास होने पर एक अग्रिम वेतन वृद्धि का भी लाभ देय होगा।

### शासकीय सभाकक्षों में राजनैतिक दलों की बैठक पर रोक

सागर। कलेक्टर दीपक आर्य के आदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान (आदर्श आचार संहिता) को द्वष्टिगत रखते हुए जिला/अनुभाग/तहसील अंतर्गत आने वाले शासकीय आवास, सभाकक्ष एवं सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस एवं गेस्ट हाउस में किसी भी राजनैतिक दल को बैठक आयोजित करने की अनुमति नही होगी।

### देवरी के तीतरपानी टोल प्लाजा पर एसएसटी टीम की बड़ी कार्रवाई

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले की समस्त जिलों की बॉर्डर पर एस एस टी एफ एस टी टीमों का गठन किया गया है जो 24 घंटे वाहनों की चेकिंग कर रही है।लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 7 दमोह के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 देवरी के तीतरपानी टोल प्लाजा एस एस टी नाका थाना महाराजपुर में सूरज यादव निवासी रसेना तहसील देवरी 3,49,000 रू., पंचम यादव निवासी रसेना तहसील देवरी से 99,750 रू., रूप सिंह यादव निवासी रसेना से 2,00,000 रू., अर्जुन यादव निवासी रसेना से 2,00,000 रू., मुकेश यादव निवासी रसेना से 2,90,000 रुपए नगद संदेहात्मक होने से जप्त किए गए। कुल ग्यारह लाख 38 हजार 750 रुपए की जपत्ती की गई। इस अवसर पर तीतरपानी एस एस टी टीम के वीर सिंह ठाकुर, धीरज सिंह ठाकुर, श्रवण मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर एमपी पुलिस ने बनाई स्ट्रेटेजी, उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर होगी कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालथौन

आगामी लोकसभा आम चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान कराने सीमा क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों पर लगाम लगाने, मादक पदार्थों और अवैध असलहों, गुंडे, गैंगस्टरों को चिन्हित कर एक दूसरे से तालमेल एवं जानकारी व कार्रवाई पर आधारित एमपी यूपी पुलिस की एक बैठक एमपी यूपी की सीमा पर अटा चौकी में संपन्न हुई। बैठक में एमपी पुलिस के अधिकारी तहसीलदार उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारी मौजूद रहें। बैठक में चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर दोनों प्रदेशों की बार्डर पुलिस में तालमेल एवं गश्त, जानकारी एक दूसरे से शेयर करने पर गंभीरता पूर्वक विचार मंथन किया गया। पुलिस अधिकारियों के बीच इस बात पर भी चर्चा हुई कि प्रादेशिक सीमा का फायदा उठाकर बहुत सारे अपराधी यूपी में अपराध कर एमपी क्षेत्र में भाग जाते हैं इसी प्रकार एमपी में अपराध को अंजाम देकर बार्डर के यूपी क्षेत्र में आकर बैठ जाते हैं ऐसे अपराधियों पर लगाम लगाने में एक दूसरे से तालमेल एवं जानकारी प्राप्त कर संयुक्त कार्रवाई से अपराध पर प्रभावी ढंग से

रोक लगाने में मदद मिलेगी।

### शांतिप्रिय तरीके से चुनाव निपटाने के लिए मीटिंग

लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए एडीओपी सचिन परते ने एमपी की बॉर्डर पर स्थित मालथौन थाना प्रभारी सहित स्टाप को बॉर्डर के पुलिस स्टेशन के साथ मीटिंग करके तालमेल बैठाकर काम करने इंस्ट्रक्शन दिए है। साथ ही उत्तर प्रदेश की वालाबेहट मदनपुर चौकियों से आए अधिकारियों से भी सुझाव मांगे गए।

### साझा करेंगे जानकारी

दो राज्यों के बीच हुई इस मीटिंग उप्र के मदनपुर, वालबेहट के पुलिस ऑफिसर ने भाग लिया। इस बैठक में पुलिस अधिकारियों ने चुनाव के दौरान महत्वपूर्ण जानकारियां आपस में साझा करने के साथ अपराधियों की धरपकड़ करने के लिए एक दूसरे का सहयोग करने को लेकर सहमति बनी। बॉर्डर एरिया में लगे चेकिंग प्वाइंट पर प्रॉपर चेकिंग हो इसके लिए सभी पुलिसकर्मियो को विशेष ध्यान देने की बात कही।

### शातिर बदमाशों पर लगातार रहेगी दोनों राज्यों की नजर

3 महीने तक चलने वाले लोकसभा चुनाव को शांतिप्रिय तरीके से निपटाने के लिए एमपी पुलिस और यूपी की पुलिस ने मीटिंग में दोनों राज्यों के शातिर बदमाशों की जानकारी एक दूसरे के शेयर करने की सहमति बनी। इसका उद्देश्य चुनाव के दौरान लगी आचार संहिता के साथ किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि को रोकना है। मीटिंग के दौरान तहसीलदार प्रेम नारायण सिंह, नायब तहसीलदार कमलेश सतनामी, सचिन परते एसडीओपी खुरई, मालथौन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह, वालावेहट थाना प्रभारी राजपाल सिंह, मदनपुर थाना प्रभारी अजीत सिंह सहित पुलिस स्टाप उपस्थित हुए।

### जनसेवक मनी सिंह गुरोन ने रंगपंचमी के शुभ अवसर पर पुलिस कर्मियों का सम्मान किया

**सागर।** शहर के जाने माने अध्यक्ष सतनाम वेलफेयर सोसायटी एवं जनसेवक मनी सिंह गुरोन ने रंगपंचमी के अवसर पर मकरोनिया चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मियो को मिठाई के माध्यम से सम्मान किया और बही पुलिस कर्मियों को रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी । इसी के साथ आपको बता दे की कोरोना काल में भी अध्यक्ष सतनाम वेलफेयर सोसायटी एवं जनसेवक मनी सिंह गुरोन ऑक्सीजन से लेकर राशन, कपडो के साथ साथ आमजन की समस्याओं के समाधान किया है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए पुलिस कर्मियो के बीच जाकर उनसे मिले और उनका सम्मान किया। पुलिस कर्मियों के साथ साथ ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों का भी सम्मान किया।

### निगमायुक्त खत्री ने शहर की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**सागर।** शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और सफाई व्यवस्था में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं तथा निगम के पास उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में निगमायुक्त द्वारा रविवार को प्रातः नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान के सिविल लाइन में विवेकानंद जी की प्रतिमा के सामने स्थित मार्केट में दुकानों के सामने कचरा पड़ा होने के पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए जोन प्रभारी को निर्देश दिए कि दुकानदारों को समझाइश दी जाए कि दुकान का कचरा डस्टबिन में एकत्रित कर कचरा गाड़ी को ही दें, उसे सड़क पर न फेंकें अन्यथा दुकानों के सामने कचरा मिलने पर संबंधित दुकानदार पर चलानी कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने म्युनिसिपल स्कूल पहुंचकर उसके प्रवेश द्वार के बाजू में स्थित नाली की सफाई करने के निर्देश दिए ।

### मतदान केंद्रों पर तेज गर्मी से बचाव के लिए करें समुचित व्यवस्था : आर्य

**सागर।** कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी मतदान केंद्रों में तेज गर्मी (लू) से बचाव के समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल और बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों व बेंच की व्यवस्था भी करें।उन्होंने मतदान केंद्रों में मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए शेड लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि हर मतदान केंद्र में मेडिकल किट भी अवश्य रखें। इस मेडिकल किट में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर ग्रीष्मकाल में उपयोगी सभी जरूरी दवाइयां उपलब्ध करायें।

### सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम संपन्न

**सागर।** शहर के हृदय स्थल तीनबत्ती पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय (राजीव गांधी भवन) के नजदीक कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जैसा कि विदित है कि हर माह के अंतिम रविवार को सेवादल परिवार का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम शहर के विभिन्न स्थानों पर अनवरत होता आ रहा है। कार्यक्रम शहर और ग्रामीण कांग्रेस सेवादल परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सागर लोकसभा से प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह बुंदेला गुड्डू राजा के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुड्डू राजा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से नयी पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। कांग्रेस पार्टी हमेशा देशप्रेम का पर्याय रही है चाहे स्वतंत्रता की लड़ाई हो चाहे पडोसी देशो से 1965 और 1971 की जंग हो।सागर लोकसभा से मुझे मौका मिला तो मैं सेवक की तरह आपके सुख दुख में आपका सहभागी रहूंगा। इस लोकसभा क्षेत्र में रेल यातायात की समस्या वर्तमान सरकार द्वारा जबरदस्ती में उत्पन्न की गयी है। ट्रेनों को कभी भी बंद कर दिया जाता है और कभी भी चालू कर दिया जाता है, हर विधानसभा में एक केन्द्रीय विद्यालय की आवश्यकता है जिसे मैं पूरा करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर कांग्रेस परिवारजन के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव और कार्यक्रम का संचालन द्वारका चौधरी ने किया ।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाले, 15 से अधिक गिरफ्तार, भारी पुलिस बल तैनात

# धार्मिक गाना बजाने पर दो पक्षों में झगड़ा, पुलिस ने चलाए आंसू गैस के गोले, हालात नियंत्रण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

सदर इलाके में शनिवार देर रात्रि दो पक्षों में विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि एक ई रिक्शा चालक धार्मिक गाने बजाते हुए जा रहा था। इस दौरान उसे और उसके साथी को एक खास वर्ग के लोगों ने जमकर पीट दिया। साथ ही बीच बचाव के दौरान एक युवक पर चाकू से हमला भी कर दिया। इसके बाद दोनो पक्षों के लोग इकट्ठा हो गए। घटना की खबर मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचा। भीड़ को तितर बितर करने पुलिस आंसू गैस के गोले दागे और हल्का बल प्रयोग किया। एसपी अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी देर रात तक सदर क्षेत्र में मोजूद रहे। फिलहाल

स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। केंट पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए 15 से अधिक लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। चुनाव आचार संहिता के चलते धारा 144 प्रभावशील है। इसके चलते भीड़ एकत्रीकरण आदि पर रोक लगी है।

### हालात नियंत्रण में, सीसीटीवी खंगाले जा रहे है : एसपी

पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर देर रात तक मौजूद थे। स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। एसपी अभिषेक तिवारी के मुताबिक दो पक्षों में झगड़ा हुआ है। भीड़ को नियंत्रित करने आंसू गैस के गोले का प्रयोग किया गया है। उक्त घटना स्थल के आस पास के सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाला जा रहा है। घटना में जो भी दोषी पाया जाता है उस पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। हालात पूरी तरह से नियंत्रण में है।

### ब्रह्म की प्राप्ति भ्रमों की समाप्ति : अनूप सुंदरानी

**सागर।** संत निरंकारी सत्संग भवन शास्त्री वार्ड में रंग पंचमी के शुभ अवसर पर फूलों की होली का आयोजन किया गया। सत्संग की अध्यक्षता नागौर से पधारे महात्मा अनूप सुंदरानी ने की शाम को 5:00 बजे से लेकर 8:00 बजे तक विशाल निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग के पश्चात फूलों की होली खेली गई सभी साथ संगत के ऊपर फूल बरसाए गए एवं साध संगत ने भी महात्मा के ऊपर फूलों की वर्षा की गई एवं सागर संयोजक एवं जोनल इंचार्ज महात्मा नारायण दास निरंकारी ने आए हुए महात्माओं का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया ।

## बल्देवगढ़ में किया गया फ्लैग मार्च

**टीकमगढ़।** थाना बल्देवगढ़ पुलिस एवं एसएसबी बल द्वारा किया गया फ्लैग मार्च लोकसभा चुनाव-2024आचार संहिता के तहत टीकमगढ जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु एवं आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना बल्देवगढ़ अंतर्गत कस्बा बल्देवगढ़, भेलसी, कनपुर, देवरदा, गुखरई सूरजपुर, बाड़ाघाट आदि ग्रामों में थाना प्रभारी बल्देवगढ़ निरीक्षक मनोज सोनी, चौकी प्रभारी देवरदा उप निरीक्षक अवनीश गिरी द्वारा पुलिस स्टाफ एवं एसएसबी बल के साथ प्रभावी फ्लैग मार्च किया गया।

## एक से 5 तक बंद रहेगा भूलेख पोर्टल

**टीकमगढ़।** प्रदेश में कृषि वर्ष परिवर्तन के कारण कार्यालय आयुक्त, भू-अभिलेख ग्वालियर द्वारा संचालित मध्यप्रदेश भूलेख पोर्टल की सेवाएं एक अप्रैल, 2024 से 5 अप्रैल, 2024 तक स्थगित रहेंगी। यह जानकारी कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख ग्वालियर द्वारा दी गई है।

## एप से होगा विद्युत शिकायत का समाधान

**टीकमगढ़।** विद्युत संबंधी शिकायत के निराकरण के लिये उपाय एप के माध्यम से आसानी से समाधान किया जा रहा है। इसके लिए आपको अपने मोबाइल में उपाय एप डाउनलोड करना होगा। आंधी, तूफान एवं अन्य कारणों से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए भी उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप को डाउनलोड कर अपनी शिकायत का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से इस एप को निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करने के साथ ही शिकायत की स्थिति भी जान सकते हैं। साथ ही बिजली बिल भी आसानी से घर बैठे ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। बिजली उपभोक्ताओं के लिए उपाय एप के अनेक फायदे हैं। उपाय एप के रजिस्टर कम्पलेंट ऑप्शन्स की सहायता से विद्युत व्यवधान या बिल संबंधी शिकायत दर्ज कर शिकायत क्रमांक प्राप्त कर सकते हैं। शिकायत के निराकरण की स्थिति भी उपाय एप के माध्यम से जान सकते हैं। अपने वर्तमान बिल को डाउनलोड करने के साथ ही बिल भुगतान भी किया जा सकता है। उपाय एप से बिल का भुगतान करने पर उपभोक्ता को बिल डेस्क, एचडीएफसी बैंक पे-यू, गूगल पे, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई, नेट बैंकिंग इत्यादि ऑप्शन्स प्राप्त होते हैं। उपभोक्ता इनमें से किसी भी एक माध्यम का चयन कर अपने बकाया विद्युत बिल का भुगतान कर तुरंत पावती प्राप्त कर सकते हैं।

# कल आएंगे प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, डॉ कुमार की नामांकन रैली में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। भाजपा मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल द्विवेदी व स्वप्निल तिवारी ने बताया कि आगामी 2 अप्रैल को डॉ. वीरेंद्र कुमार अपना नामांकन भाजपा पार्टी प्रत्याशी के रूप में दाखिल करेंगे। नामांकन रैली में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा शामिल होंगे साथ ही टीकमगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे।**

मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ. मोहन यादव का टीकमगढ़ की धरती पर पहला दौरा है। इसको लेकर भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष तैयारियां शुरू हो गई है तथा कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं, पिरोफॉर्मर के अनुसार मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर 1:30 बजे टीकमगढ़ हेलीपैड पर उतरेगा, राजेंद्र पार्क में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जनता को संबोधित करेंगे। जिसके बाद नगर होते हुए वह कलेक्ट्रेट प्रांगण में टीकमगढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र कुमार का नामांकन दाखिल करवाएंगे, जगह-जगह लोगों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना ने बताया कि कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है,सभी कार्यकर्ता सक्रिय हैं व बड़ी संख्या में दूसरे दल के नेता व नागरिक भाजपा में कार्यक्रम के दौरान शामिल हो सकते हैं। वहीं लोकसभा चुनाव संयोजक विवेक चतुर्वेदी को बनाया गया है।

## पुलिस ने 20 हजार रुपए से अधिक की अवैध शराब की जब्त

**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन करने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक श्री सीताराम एवं एसडीओपी टीकमगढ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना बुडेरा पुलिस द्वारा रविवार को मुखबिर की सूचना पर कस्बा बुडेरा में आरोपिया महिला से अवैध रूप से दो बोरियो में 336 क्वार्टर मात्रा करीब 60 लीटर 480 एमएल देशी प्लेन अवैध शराब कीमती करीबन 20 हजार 160 रुपए की जब्त कर थाना बुड़ेरा पर अप.क्र. 72/24 धारा 34(2) आवकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बुड़ेरा उप निरीक्षक रश्मि जैन, मनोज पटेल, प्रधान आरक्षक रतिराम अहिरवार, हरप्रसाद राजपूत, आरक्षक अंकित व्दिवेदी, संजय सिंह, अनुशा बुन्देला, सुनीता अहिरवार एवं आरक्षक चालक दीपचन्द्र अहिरवार शामिल रहे।

## कांग्रेस प्रत्याशी खुमान 4 अप्रैल तक कर सकते हैं नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत

**टीकमगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-टीकमगढ़ (अ.जा.) के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया जारी है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-टीकमगढ़ (अ.जा.) के रिटर्निंग ऑफिसर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-टीकमगढ़ (अ.जा.) में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आज एक अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तदनुसार इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी खुमान ने रिटर्निंग ऑफिसर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

ज्ञातव्य है कि 4 अप्रैल 2024 को दोपहर 3 बजे तक न्यायालय कलेक्टर, प्रथम तल. संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन टीकमगढ़ में अभ्यर्थी रिटर्निंग ऑफिसर या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। 5 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी तथा अभ्यर्थी 8 अप्रैल 2024 तक नाम निर्देशन पत्र वापिस ले सकेंगे। इसी दिन 3 बजे के बाद शेष बचे अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-टीकमगढ़ में मतदान की तिथि 26 अप्रैल है तथा 4 जून 2024 को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज (नवीन केम्पस) टीकमगढ़ में मतगणना की जाएगी।

### आए दिन घटित हो रहे गंभीर हादसे, टोल प्लाजा कंपनी नहीं दे रही ध्यान

# धजरई के त्रिदेव मंदिर के सामने सड़क का गड्ढा बना नासूर, आमजन त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिला मुख्यालय से महज 10 किमी दूरी पर स्थित धजरई के त्रिदेव मंदिर एवं पास ही में मौजूद धनुषधारी मंदिर के बीचो-बीच सड़क पर बने विशाल गड्ढे ने अपना नासूर अपना लिया है जिससे जहां आप जन त्रस्त है वहीं इससे आए दिन गंभीर हादसे होने के समाचार सुनाई देने लगे है। इसके बावजूद भी टोल प्लाजा कंपनी जिसकी सड़क के रखरखाव की सारी जिम्मेवारी रहती है वह इस समस्या की ओर ध्यान न देकर लापरवाही बरत रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2015 में टीकमगढ़ से लेकर नौगांव तक एमपीआरडीसी द्वारा नेशनल हाईवे का निर्माण कराया था जिसे दिलीप बिल्डकॉम कंपनी ने ठेके के अनुबंध पर तैयार कराया था



तभी से टोल प्लाजा मवई के पहले धजरई ग्राम में प्राचीन मंदिर के सामने पानी की सही निकासी या उचित नाली निर्माण न होने के कारण पानी भरा रहता है जिससे मुख्य मार्ग पर बना गड्ढा दिनो दिन विशाल रूप लेता जा रहा हे।

जब इस संबंध में मबई में स्थितटोल प्लाजा कंपनी के शिफ्ट इंचार्ज जितेन्द्र शर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि हमारी धजरई ग्राम पंचायत के सरपंच से बात हो चुकी है। दो से तीन दिन में गड्ढे की मरम्मत कर सड़क का दुरस्त करवा दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मंदिर के सामने बल्देवगढ़ मार्ग पर दूसरे ठेकेदार ने नाली का निर्माण नही कराय था जिसकी स्वीकृति उसे प्राप्त हो चुकी है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होते ही बल्देवगढ़ मार्ग पर नाली का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। तब कहीं जाकर इस समस्या का स्थाई निदान हो सकेगा।

### कार्यकर्ता को पोहा खिलाया तो 9 रुपए और एक रोटी के 7 रुपए जुड़ेंगे

# लोकसभा उम्मीदवार चुनाव में सिर्फ 90 लाख खर्च कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोकसभा उम्मीदवार चुनाव में सिर्फ 90 लाख रुपए खर्च सकता है। कार्यकर्ता को पोहा खिलाने पर 9 रुपए और एक रोटी के 7 रुपए खर्च जुड़ेगा। इसके अलावा चुनाव के दौरान दो घंटे ढोल बजवाने के 520 रुपए और उम्मीदवार को गजमाला पहना दी तो पांच हजार रुपए का खर्च उम्मीदवार के खाते में जुड़ जाएगा। इसी तरह चुनाव के दौरान अन्य जो सामग्री उपयोग में आती है उसका भी अलग अलग खर्च तय किया गया है और पूरे चुनाव में 90 लाख रुपए खर्च किए जा सकेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले आंकड़े सामने आए हैं जिनसे पता चला है कि 73 वर्षों में चुनाव खर्च की सीमा कई गुणा बढ़ गई है। ये बढ़कर 90 लाख रुपए हो गई है।

खर्च सीमा में 360 गुणा की वृद्धि हुई है। आजादी के बाद 1951 में हुए पहले संसदीय चुनाव में प्रत्याशियों के लिए चुनाव खर्च की सीमा 25 हजार रुपए तय की गई थी। वक्त के साथ यह सीमा बढ़ाई जरूर गई लेकिन अब 18वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनावों तक यह 360 गुणा बढ़कर 90 लाख कर दी गई है। 1951 के बाद यह अगले चार लोकसभा चुनावों यानि 1967 के संसदीय चुनाव तक 25 हजार रुपए की खर्च की अधिकतम सीमा थी। इसके बाद 1971 के लोकसभा चुनाव में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा को 25 हजार से बढ़ाकर 35 हजार कर दी गई, जो इसके अगले संसदीय निर्वाचन 1977 तक रही।

### गणना के आधार पर बढ़ाई जाती है खर्च सीमा

केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों की इन मांगों को हमेशा से संज्ञान में लिया और तकनीकि सर्वेक्षणों व गणना के आधार पर चुनाव खर्च की सीमा भी बढ़ाई। नतीजा अब तक हुए पहले लोकसभा चुनाव से लेकर 17वें आम चुनावों तक चुनाव खर्च का ग्राफ 380 प्रतिशत तक बढ़ गया। आलम यह है कि पिछले संसदीय चुनाव में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 90 लाख कर दी गई। 2024 के आम चुनाव में भी बरकरार खा गया है। हालांकि कई प्रस्तावित उम्मीदवार एवं राजनीतिक दल इस सीमा को बढ़ाकर 1.25 करोड़ तक करने की मांग कर रहे हैं। बावजूद इसके चुनाव में होने वाले खर्च को घटाने की वकालत जारी है।

**कब कितनी रही खर्च की राशि**

| | |
|---|---|
| 1951 से 1967 तक | 25 हजार |
| 1971 से 1977 तक | 35 हजार |
| 1980 में राशि हुई | 1 लाख |
| 1984 से 1991 | 1.5 लाख |
| 1996में राशि हुई | 4.5 लाख |
| 1998 से 1999 | 15 लाख |
| 2004 से 2009 तक | 25 लाख |
| 2014 में राशि हुई | 70 लाख |
| 2019 से 2024 तक | 95 लाख |

## वैभव दुबे बने लोकसभा सागर चुनाव सह प्रभारी

**बीना।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार एवं युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी और भाजपा प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार ने मध्य प्रदेश में सभी 29 लोकसभा में लोकसभा के प्रभारी और सह प्रभारी घोषित किए हैं। जिसमें भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य वैभव दुबे को सागर लोकसभा चुनाव का सह प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी बनाए जाने पर वैभव ने वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। वहीं युवा मोर्चा, भाजपा वरिष्ठ एवं युवा साथियों ने दुबे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## रक्त-क्रांति रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**बीना।** सिविल अस्पताल के सभागार में आज प्रसन्नता दिवस एवं अंधापन निवारण सप्ताह के अवसर पर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सिविल अस्पताल बीना के डॉक्टर्स व अस्पताल स्टाफ एवं स्वास्थ्य सेवा संगठन के द्वारा रक्त-क्रांति रक्तदान शिविर-59 का आयोजन किया जाएगा। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने लोगों से अपील की है कि मरीजों के जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान करें। शिविर में समाजसेवा, जीव-रक्षा, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, सुरक्षा, खेल, शिक्षा आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को रक्त-क्रांति उत्कृष्टता सम्मान शील्ड एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित भी किया जाएगा।

### बैठक में बनाई चुनावी रणनीति

## संभागीय प्रभारी मुकेश चतुर्वेदी ने ली प्रबंध समिति की बैठक

**बीना।** लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभा की प्रबंध समिति की बैठक रखी गई, जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी मुकेश चतुर्वेदी उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया सहित पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक में चुनावी रणनीति बनाते हुए संभागीय प्रभारी चतुर्वेदी ने वरिष्ठ नेताओं के मंडलों का प्रभारी बनाया नियुक्त किया। जिसमें बीना नगर मंडल में पूर्व विधायक सुशीला सिरोठिया, ग्रामीण मंडल में पूर्व विधायक धरमू राय, खिमलासा मंडल में पूर्व विधायक महेश राय, भानगढ़ मंडल में शशि कैथोरिया एवं मंडी बमोरा में पूर्व विधायक डॉक्टर विनोद पंथी को प्रभारी बनाया गया है। बैठक में मनोज शर्मा, लोकेंद्र ठाकुर, शुभम तिवारी, ज्योति दुबे, मुकेश पटेल, लता सकवार, उषा राय, सचिन समैया सहित प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्थानीय बीएलओ की हुई बैठक

**बीना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सागर के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए स्थानीय बीएलओ की बैठक शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बीएलओ अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें एवं आदर्श आचार संहिता का पूर्णतया पालन करें तथा निर्वाचन के दौरान पूर्णतया निष्पक्ष रहें। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्वाचक नामावली के संबंध में सभी कार्यवाहियां समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी बीएलओ अनुपस्थित मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र से मतदान करने वाले 85 प्लस आयु के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को समय सीमा में सूचित कर डाक मतपत्र की प्रक्रिया से अवगत कराएं। सभी बीएलओ मतदान के पूर्व एवं मतदान दिवस पर सजगता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर डॉक्टर एमएल सोनी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शितापूर्ण निर्वाचन में बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका है। अतः सभी बीएलओ अपने मतदान केंद्र के सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बीएलओ को बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सभी सदस्यों के साथ नुक्कड़ नाटक एवं अन्य स्वीप गतिविधियों के माध्यम से

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया। डाक मतपत्र नोडल अधिकारी सुशील कुमार खरे, नायब तहसीलदार एवं सहायक नोडल अधिकारी रितु जैन ने डाक मतपत्र की प्रक्रिया से सभी बीएलओ को अवगत कराया। बैठक के अंत में एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा सभी सुपरवाइजर एवं बीएलओ को मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी के लिए मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रचना प्रजापति, प्रोफेसर उमा लवानिया, प्रोफेसर निशा जैन, दीपक गोस्वामी, राधे सिंह, शुभम पाठक आदि उपस्थित रहे।

## युवतियों को मिला आईफोन, थाना पहुंचकर पुलिस को किया सुपुर्द

**बीना।** शहर की 2 युवतियों ने सड़क पर लावारिस हालत में पड़े आइफोन को था पहुंचकर पुलिस को सुरक्षित लौटाया है। जिनके सराहनीय कार्य की सभी प्रशंसा कर रहे है। जानकारी अनुसार राशि पिता केशव अवस्थी उम्र 17 साल एवं साक्षी पिता केशव अवस्थी उम्र 22 साल निवासी कटरा मंदिर के पास को रोड पर लावारिस हालत में आईफोन पड़ा मिला था। जिसे उठाकर दोनों ने थाना पहुंचकर पुलिस को सुपुर्द किया है।

# जो समाज संगठित रहता है उसका ही विकास संभव होता है: अर्जुन पटेल

### रंग पंचमी पर्व पर कुशवाहा समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

**बीना।** प्रताप वार्ड स्थित लवकुश मंदिर एवं धर्मशाला में भगवान श्री लवकुश जन सेवा समिति कुशवाहा समाज नगर एवं ग्रामीण के द्वारा रंग पंचमी पर होली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में अखिल भारतीय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट अर्जुन पटेल, जिला अध्यक्ष एडवोकेट केसी पटेल, प्रदेश मंत्री शांति बाई कुशवाहा, जिला अध्यक्ष खूब सिंह कुशवाहा, जनपद सदस्य लक्ष्मी बाई कुशवाहा, सरपंच ममता कुशवाहा, पूर्व पार्षद कृष्णा कुशवाहा कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। सभी अतिथियों ने भगवान लव कुश के चित्र की पूजन अर्चना कर मिलन समारोह कार्यक्रम शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट अर्जुन पटेल ने कहा कि होली बुराइयों को मिटाने वाला पर्व है। संगठित रहकर समाज का विकास किया जा सकता है। जो समाज संगठित रहता है उसका ही विकास संभव होता है। होली पर सभी बुराइयों को मिटाकर होली के रंग में रंग जाएं। मिलकर समाज का उत्थान करें। समिति अध्यक्ष नंदराम कुशवाहा ने कहा कि कार्यक्रमों के माध्यम से ही समाज में जागरूकता आती है। कार्यक्रम से ही संगठन मजबूत होता है, सामाजिक धार्मिक कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

इस मौके पर सभी ने रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे के गले मिले। होली मिलन समारोह में उपस्थित नोनीतराम कुशवाहा खिमलासा, सुरेश कुशवाहा, एडवोकेट लक्ष्मी कुशवाहा, भरत कुशवाहा बिहरना, सतीश कुशवाहा, भूपेंद्र सिंह कुशवाहा, रामबाबू कुशवाहा हिरण छिपा, चंद्रराज कुशवाहा, कोमल कुशवाहा, बलराम कुशवाहा, डॉक्टर उमाशंकर पटेल, पीडी पटेल, महेश पटेल, शुभम पटेल, गीता पटेल, पवन कुशवाहा, विजय कुशवाहा, रामबाबू कुशवाहा, रोहित कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित रहे।

### एक पखवाड़े में 7 लोगों की मौत से लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

# पुलिस बिना हेलमेट चालान बनाने में व्यस्त, उधर जान ले रहे रेत से भरे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कहने को तो पूरे जिले में रेत का अवैध उत्खनन बिल्कुल बंद है लेकिन हकीकत यह है कि रेत का काला कारोबार संचालित हो रहा है। सुविधा शुल्क देकर हर थाने से तेजी के साथ गुजर रहे रेत से भरे वाहन कब किसकी जान ले ले कोई नहीं कह सकता। विगत एक पखवाड़े में सात बेकसूरों की जान ऐसी ही दुर्घटना में चली गई। यह तो वह बानगी है जो सामने आ गई, वरना कई मामले तो ऐसे हैं जिनमें पुलिस आरोपियों से फरियादियों का राजीनामा करा कर पर्दा डाल लेती है।

पुलिस प्रशासन इन दिनों कार्रवाई के नाम पर खटारा और अनफिट वाहनों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई कर वसूली के रिकॉर्ड बना रहा है। निजी वाहनों के शीशों पर चढ़ी काली फिल्म उतारकर ऐसा प्रदर्शित कर रहा है जैसे उसने कोई नक्सली घटना को अंजाम देने से पहले ही रोक दिया हो। पर हकीकत यह भी है कि पुलिस सिर्फ उन वाहनों पर जुर्माना कर रही है जो वाहन शहर के भीतर घूम रहे हैं शहर के आसपास मौत बनकर घूम रहे रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रालियों पर पुलिस प्रशासन की नजर भी नहीं पड़ रही है।

#### वीरपुर में सामने आ चुका लोगों का आक्रोश

रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियों से आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं, जिनमें लोगों की जान जा रही है। पिछले महीने मानपुर थाने में आयोजित पुलिस जन संवाद के दौरान ग्राम पंचायत बगडुआ के सरपंच यह मामला जोरदारी से उठा चुके हैं कि रेत की भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियां काफी तेज रफ्तार में दौड़ रही है, जिससे हर पल हादसे की आशंका बनी रहती है। लेकिन पुलिस के जिम्मेदार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसकारण लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। जिसका उदाहरण वीरपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हादसे के बाद भड़के लोगों के आक्रोश के रूप में सामने आ चुका है।

#### काल बन दौड़ रहे रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली

कहने को तो रेत पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया हुआ है पर हकीकत यह है की रेत का परिवहन और उत्खनन जिले में धड़ले से हो रहा है शहर में अल सुबह ही रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली बस्तियों में आती जाती दिखाई पड़ जाएंगी। पकड़े जाने के डर से ट्रेक्टर ट्राली को इतनी तेज गति से भगाया जाता है कि इनकी चपेट में कई लोग आते आते बच जाते हैं और कई अपनी जान गवा बैठते हैं। इसके अलावा दो-दो ट्रॉली बांधकर ट्रैक्टर से चलाना भी जान जोखिम में डालता है। जिले की सड़कों पर दो दो ट्रॉलियों को बांधकर ट्रैक्टर से घसीटने का चालान भी खूब चल चुका है जो जानलेवा साबित हो रहा है।

#### ये उदाहरण जिनमें हुई लोगों की मौत

1_ 13 मार्च को मठेपुरा निवासी दंपति की रेत से भरे ट्रेक्टर ट्राली ने कुचल कर जान ले ली।

2_18 मार्च को खातौली रोड पर रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवार सहायक प्रबंधक राजपाल सिंह जादौन को टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

3_20 मार्च को बंजारा डैम के पास लापारवाही पूर्वक दो ट्रॉलियों को लेकर जा रहा एक ट्रैक्टर ओटो और स्कूटी पर चढ़ गया जिससे दो लोगों की मौत जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई।

4_29 मार्च वीरपुर के पास रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार चाचा भतीजे को टक्कर मार दी इस दुर्घटना में भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चाचा की रैफर किए जाने के दौरान मौत हो गई।

### कहीं ठेकेदारों के निर्माण में खुदाई करती हैं जेसीबी तो कहीं टैंकर से हो रही तराई

# नगरपालिका ठेकेदारों की साइड पर सरकारी संसाधनों से कर रही मदद!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर पालिका या दूसरा कोई भी सरकारी विभाग जब सरकारी निर्माण काम किसी ठेकेदार को देता है तो उस निर्माण कार्य में लगने वाली सारी मशीनरी और सारे संसाधन सभी मैटेरियल और मजदूर इत्यादि ठेकेदार के होते हैं। पर श्योपुर नगर पालिका शायद या तो चहेते ठेकेदारों को अपनी सरकारी मशीनरी का उपयोग करने की छूट दे रही है या फिर इन मशीनरियों के लिए जिनकी जिम्मेदारी तय की गई है वो जिम्मेदार दी गई ज़िम्मेदारी पर विश्वासघात कर रहे हैं इसकी बानगी किला गेट से बगवाज पुलिया तक बने सीसी रोड की तराई करता नगर पालिका का टैंकर है। सिर्फ विषम परिस्थिति में लोगों की प्यास बुझाने के लिए खरीदे गए टैंकर का उपयोग ठेकेदार के निर्माण कामों की तरह करने के लिए किया जा रहा है। इस संबंध में नपा सीएमओ श्योपुर सतीश मटसेनिया का कहना है कि पेयजल आपूर्ति के टेंकर से यदि कहीं तराई हो रही है या उसका किसी भी निर्माण कार्य में उपयोग किया जा रहा है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# चंबल नदी से रेत लाने वाले रास्तों पर खोदे गड्ढे, नष्ट किए रेत के स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से ग्राम नितनवास निवासी बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत होने के मामले में प्रशासन ने अलर्ट मोड में आकर रेत के अवैध कारोबार के खिलाफ एक्शन दिखाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में रविवार को कलेक्टर लोकेश कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद के निर्देशन में एसडीएम विजयपुर बीएस श्रीवास्तव और एसडीओपी राजेश तिवारी ने राजस्व अमले और बडी संख्या में पुलिस बल के साथ कार्रवाई करते हुए चंबल नदी के उन रास्तों को जेसीबी के जरिए गड्ढे करवाकर बंद करा दिया,जिन रास्तों से चोरी छिपे रेत लाई जाती है। बताया गया है कि इस कार्रवाई के दौरान राजस्व और पुलिस की टीम को रास्ते में 20-25 ट्रॉली रेत का अवैध भंडारण मिला,जिस पर जेसीबी चलाते हुए रेत को मिट्टी में मिला दिया गया है। एसडीओपी राजेश तिवारी ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान वीरपुर थाने सहित बरगवां, अगरा और पुलिस लाइन का फोर्स साथ में था।

# ट्रैक्टर चालक को अरेस्ट कर पुलिस ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नितनवास के पास ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर हुई चाचा भतीजे की मौत के मामले में फरार चल रहे ट्रैक्टर चालक को वीरपुर थाना पुलिस ने अरस्ट करने के बाद जेल पहुंचा दिया है।

वीरपुर थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह धाकड ने बताया कि हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ऋषि रावत निवासी बरौठा ट्रैक्टर ट्रॉली को मौके पर ही छोडकर फरार हो गया था। शनिवार को आरोपी ट्रैक्टर चालक को अरेस्ट करने के बाद विजयपुर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे विजयपुर स्थित जेल में दाखिल करा दिया गया है।

### यूडीसी राजेंद्र कुमार गुप्ता को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई पार्टी

# अच्छे काम करने और जनता से मधुर संवाद वाले शासकीय सेवक ही रहते हैं याद: तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जो इंसान जन्म लेता है उसका मरण दिन भी उसी दिन परमात्मा लिख देता है। इसी तरह शासकीय सेवक की सेवानिवृत्ति भी सरकार ज्वाइनिंग वाले दिन ही सेवा पुस्तिका में अंकित कर देती है। जो भी शासकीय सेवा में आता है उसे एक दिन सेवा निवृत होना ही पढ़ता है पर इनमें से कुछ ऐसे होते हैं जिन्हें सेवा निवृत्ति के बाद भी अच्छे काम के लिए लंबे समय तक याद किया जाता है। इसलिए आप सेवा काल में अच्छे काम करें और जनता से मधुर संबंध बनाकर रखें ताकि आप जब सेवा निवृत हो तो उसके बाद भी आपके नाम को याद किया जा सके।

यह बात जिला शिक्षा अधिकारी रविंद्र सिंह तोमर ने उत्कृष्ट स्कूल में वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र गुप्ता के सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई पार्टी में संबोधन देते हुए कही। कार्यक्रम का संचालन कर रहे वरिष्ठ शिक्षक डॉ अशफाक खान ने सेवानिवृत्ति शिक्षक गुप्ता के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल का लगभग पूरा समय मिडिल स्कूल क्रमांक एक में व्यतीत किया उनकी मेहनत और लगन की बदौलत इस स्कूल के विद्यार्थी हमेशा टॉपर रहे उनके द्वारा जो सहयोग शाला को प्रदान किया गया है वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान स्कूल के पूर्व हेड मास्टर मानसिंह परमार एवं स्टाफ मौजूद रहा। विदाई पार्टी के बाद सेवा निवृत शिक्षक के सम्मान में रात्रि भोज भी आयोजित किया गया।

# पीएम रिपोर्ट से खुलासा:गला घोंटकर की गई बुद्धाराम की हत्या, आरोपी बेसुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

करीब चार दिन पहले ग्राम पारोंद के पास सड़क किनारे पड़े मिले बुद्धाराम जाटव के शव मामले में पुलिस को पीएम रिपोर्ट मिल गई है। पीएम रिपोर्ट में उसकी हत्या गला घोंटकर किए जाने की पुष्टि की गई है। उसके पेट और सिर में भी चोट के निशान मौजूद हैं, जिससे ऐसा अंदेशा है कि गला घोंटने से पहले उसे पीटा भी गया है। कराहल थाना पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन हत्या किसके द्वारा की गई है,उनका अभी पता नहीं है। यहां बता दें कि बीते बुधवार को पारोंद गांव के पास सडक किनारे एक व्यक्ति की लाश पडी मिली। जिसकी शिनाख्त ग्राम रीछी निवासी बुद्धाराम जाटव के रूप में हुई है। परिवार के लोगों ने उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। मृतक के गले भी चोट के निशान दिख रहे थे। जिसकारण पुलिस ने भी हत्या की बात से इंनकार नहीं किया था। उस समय कराहल थाना पुलिस ने पीएम कराने के बाद शव को परिवार के लोगो के सुपुर्द कर दिया था। अब इस मामले की पीएम रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है। पीएम रिपोर्ट में हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद कराहल थाना पुलिस ने इस मामले में धारा 302 बढाते हुए हत्या आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में एसडीओपी बडौदा प्रवीण अष्ठाना का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में बुद्धाराम की हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। लेकिन हत्या आरोपियों का अभी पता नहीं है। हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

### बडौदा थाना पुलिस की कार्रवाई

# 315 बोर के कट्टे के साथ एक आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना पुलिस ने एक आरोपी को अवैध रूप से 315 बोर का कट्टा लेकर घूमते हुए दबोचा है। राजस्थान सीमा के नजदीक से दबोचा गया आरोपी युवक ग्राम राजपुरा का निवासी है। जिसके खिलाफ बडौदा थाने में एक दिन पहले मारपीट का एक मामला भी दर्ज हुआ है। बडौदा थाना प्रभारी सत्यम गुर्जर ने बताया कि रविवार को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि कुहांजापुर के नजदीक राजस्थान बॉर्डर पर एक व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा है, इस सूचना पर उसे दबिश देकर दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम विष्णु मीणा निवासी राजपुरा बताया है। उसके कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा और एक जिंदा कारतूस जब्त किया है। एक दिन पहले विष्णु मीणा के खिलाफ उसके ही गांव के नंद बिहारी शर्मा ने मारपीट करने की एफआईआर दर्ज कराई है।

# असाक्षरों को साक्षर बनाने के कार्य में सहयोगी बनें विद्यार्थी:जादौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जन अभियान परिषद के तहत संचालित एमएसडल्यू और बीएसडब्ल्यू की कक्षाओं में शामिल विद्यार्थी अपने इस कार्य को करने के साथ-साथ अपने गांव में रहने वाले असाक्षर बुजुर्ग लोगों को साक्षर बनाने में भी सहयोगी बनें। उनके थोडे से प्रयास से यदि कोई असाक्षर साक्षर बन जाता है तो यह उनके लिए बहुत ही पुनीत कार्य होगा।

यह बात जिला साक्षरता प्राधिकरण के जिला सह समन्वयक आरपीएस जादौन ने एमएसडल्यू और बीएसडब्ल्यू की कक्षा में शामिल विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जो लोग किन्ही कारणों से साक्षर नहीं हो पाए है,उन्हें साक्षर बनाने के लिए शासन की ओर से साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत असाक्षर लोगों को ढूंढकर उन्हें साक्षर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इस कार्य में आप लोग भी सहयोग करें। सहयोग किस तरह करें,इस संबंध में भी विस्तार से समझाया गया,साथही मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाओ को मतदान के प्रति जागरूक बनाने के लिए भी कहा गया।

### लोक शिक्षण संचालनालय ने विशेष सत्र बुलाने के आदेश जारी किए

# हाईस्कूल और हायरसेकंडरी स्कूलों में आज से शुरू होगा एक महीने का विशेष सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एक तरफ लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग चुकी है और लगभग सारे शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में लगने वाली है। दूसरी तरफ लोक शिक्षण ने 1 अप्रेल से ही हाईस्कूल और हायर सेकंडरी का विशेष शैक्षणिक सत्र शुरू करने का फरमान जारी कर दिया है। इसके साथ ही निर्देश दिए कि आठवीं से 11वीं तक के परिणाम 30 मार्च तक जारी कर दिए जाएं।

स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार 1 अप्रेल से अकादमिक सत्र 2024-25 शुरू किया जा रहा है। 1 अप्रेल को प्रत्येक हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनेगा। कक्षा नौ, दसवीं 11वीं और 12 में विद्यार्थियों को अस्थायी प्रवेश देकर कक्षाएं शुरू होगी। हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम भी माशिमं 15 अप्रेल तक जारी कर सकता है।

#### स्कूलों में जाएंगे टीचर

शासकीय हाईस्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूलों के कैंचमेंट क्षेत्र में आने वाले सभी स्कूलों के अप्रवेशित विद्यार्थियों को शाला में वापस लाने के लिए विद्यालय में कार्यरत शिक्षक अपने क्षेत्र में सतत व संपर्क अभियान चलाकर बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाएंगे। मावि के प्रधानाध्यापक से संपर्क कर कक्षा-8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्थानांतरण प्रमाण-पत्र संबंधी कार्रवाई भी पूरी कराएंगे जिससे उन्हें नौवीं में प्रवेश दिया जा सके।

#### ये हैं प्राचार्यों के लिए निर्देश

सभी स्टूडेंट्स का अगली कक्षा में अस्थाई प्रवेश कर दिया जाए और उपस्थिति तय करें।

प्राचार्य अपने शिक्षकों के साथ बैठक कर अगले सत्र की तैयारी की रूपरेखा तैयार करें।

विद्यालय में साफ-सफाई व विद्यालय की आवश्यक रिपेयरिंग अनिवार्य रूप से करवाई जाए।

विमर्श पोर्टल से बेसलाइन टेस्ट को डाउनलोड कर स्टूडेंट का टेस्ट ले जिससे कि उसके अनुसार ब्रिज कोर्स को शुरू किया जा सकें।

हाईस्कूल एवं हाई सेकेंडरी के सभी फीडिंग स्कूल के प्रधानाध्यापकों से संपर्क करके कक्षा आठवीं के अध्यनरत बच्चों की सूची लेकर उनके पालकों से संपर्क करें।

एक अप्रैल को पालकों स्कूल में बुलाकर पालकों, विद्यार्थियों का स्वागत पुष्प एवं तिलक लगाकर करें।

विद्यालय का टाइम टेबल अनिवार्य रूप से तैयार करें और यह जानकारी सभी विद्यार्थियों को भी दें।

#### शुरुआत में यह कोर्स

कक्षा 9 एवं 10 में विद्यार्थियों को सत्र 2024-25 के अध्यापन से संबंधित मूल अवधारणाओं का अभ्यास कराया जाए। हिन्दी में श्रुतलेख, मात्रा की त्रुटियां इत्यादि में सुधार कराया जाए। अंग्रेजी में शब्दकोष से शब्द, पठित गद्यांश हल करना एवं ग्रामर का अभ्यास कराया जाए। गणित में गुणा, भाग, भिन्न, आकृतियां एवं ज्यामिति संबंधी आवश्यक प्रश्न दिया जाए।

#### इनका कहना है

एक माह का विशेष सत्र 1 से 30 अप्रेल तक चलेगा। इसमें विषयों का विद्यार्थियों को प्रारंभिक ज्ञान कराया जाएगा। इसके बाद 1 मई से 15 जून तक का ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो जाएगा। 15 जून से विधिवत शिक्षा सत्र की शुरुआत होगी।

आरएस तोमर
डीईओ, श्योपुर

# अवैध रूप से ले जाया जा रहा 1260 लीटर पेट्रोल और 100 लीटर डीजल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गसवानी थाना पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से डीजल और पेट्रोल भरकर ले जा रहे एक लोडिंग वाहन को पकड़ा है। पुलिस ने तलाशी के दौरान लोडिंग वाहन से 1260 लीटर पेट्रोल और 100 लीटर डीजल जब्त किया है। जब्त किए गए डीजल और पेट्रोल की कीमत एक लाख 45 हजार 380 रुपए तथा जब्त हुए लोडिंग वाहन की कीमत 7 लाख के आसपास आंकी गई है।

एसडीओपी विजयपुर राजेश तिवारी ने बताया कि पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद को बीती रात को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि बडी मात्रा में डीजल और पेट्रोल गैर कानूनी तरीके से एक लोडिंग वाहन में भरकर ले जाया जा रहा है। यह लोडिंग वाहन फिलहाल गसवानी थाना क्षेत्र में पहुंच गया है। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए गसवानी थाना प्रभारी शिवराम कंषाना को निर्देशित किया गया। इस सूचना पर गसवानी थाने की पुलिस टीम तत्काल अलर्ट मोड में आकर विनेगा तिराहे पर पहुंच गई। जहां एक लोडिंग वाहन को रोककर चैक किया तो उसके अंदर गैर कानूनी तरीके से 6 ड्रमों में 1260 लीटर पेट्रोल और 2 केनो में 100 लीटर डीजल भरा हुआ था। जिसके बाद लोडिंग वाहन को जब्त कर थाने लाया गया और उसके चालक राघवेन्द्र तोमर निवासी बडगांव थाना आरोन जिला जिला ग्वालियर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साथही उससे पूछताछ कर इस मामले में शामिल आरोपियों का पता किया जा रहा है। इस कार्रवाई में गसवानी थाना प्रभारी शिवराम कंषाना, एएसआई बृजेश शर्मा, आरक्षक शिवजी रावत, जागेश्वर राजावत, जितेन्द्र यादव, दशरथ गुर्जर, महिला आरक्षक इंदू शर्मा की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर रखी बाइक चुरा ले गए अज्ञात चोर

**अशोकनगर।** जिले के नईसराय थाने के अंतर्गत ग्राम अमरौद निवासी भोलाराम रघुवंषी उम्र 66 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर के बाहर अमरौद सिगराना से कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात लोगो पर मामला दर्ज किया है।

### जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले मे अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है।जिले की चंदेरी थाने की पुलिस ने ग्राम नानौन निवासी राजेष केवट के पास से 25 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत शाढौरा पुलिस ने तोफान अहिरवार निवासी जलालपुर के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### आटो से गिरने के कारण 22 वर्षीय युवती की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम पलकाटोरी निवासी राजकुमार पुत्र गोपाल रजक उम्र 23 साल ने पुलिस को सूचना देकर अवगत कराया कि उत्तम सरदार के घर के बाहर एक ऑटो वाहन पलट गया। इस घटना मे राधिका रजक पत्नि राजकुमार रजक उम्र 22 साल की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जाच की जा रही है।

### जमीनी विवाद के चलते एक ग्रामीण की मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम खैराई निवासी एक ही परिवार के दो सदस्यो चाचा भतीजे मे एक बीघा जमीन को लेकर हुए विवाद मे एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना मे आरोपी फूल सिंह आदिवासी ने अमर सिंह आदिवासी पर इंट से हमला किया यह इंट उसके सिर मे जाकर लगी जिससे अमर सिंह की मौत हो गई। घटना स्थल मृतक का कमरा ग्राम खैराई है। पुलिस ने आरोपी के विरूध हत्या का मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हवेली मोहल्ला अशोकनगर निवासी कमरून मनिहार पत्नि शरीफ अहमद ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रूखसार बानो ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनोतिया चक्क निवासी चंद्रजीत यादव पुत्र जयपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी जयपाल यादव रामपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से जयपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चंद्रजीत यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मूडरी निवासी श्यामलाल पुत्र अर्जुन प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी घनष्याम प्रजापति निवासी मूडरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टोडा निवासी भूपेन्द्र सिहं पुत्र नहार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी नातीराजा बुदेला ,बटटू राजा बुदेला ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयापुरा चंदेरी निवासी गणेषी बाई कोली ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी नरेष कोली व सजू कोली ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक के साथ मारपीट जहरीला पदार्थ खिलाया

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत वार्ड न 15 निवासी प्रिंस पुत्र ओमकार प्रजापति 25 वर्ष को जहरीले पदार्थ के सेवन और मारपीट के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। उपचार करा रहे युवक ने बताया कि उसकी शादी 3 साल पहले बायवेनी ग्राम से हुई थी। इसी बीच पत्नि पूजा और उसके परिवारजन परेषान करने लगे। इस दौरान मेरे बच्चा भी है जो मेरे पास था। शुक्रवार को मेरी पत्नि, ससुर, मामा ससुर और साले को लेकर पहुचे । इस दौरान मोहल्ले के वरिष्ठ जनो ने उन्हे समझाया वह चले गए थे। डेढ घंटा बाद फिर आए और मुझसे मारपीट की। उन्होने मेरे मुह मे सफेद रंग की गोलिया डाल दी। जिससे मेरी तबियत खराब हो गई। बचाने आई मेरी दीदी और भाभी से भी मारपीट की और बच्चे को भी उठाकर ले गए।

### संगीत कार्यक्रम के दौरान भाई की हार्ट अटैक से मौत

# बहन की शादी के दिन उठी भाई की अर्थी, गांव में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

सिरसौद थाना क्षेत्र के ग्राम चौकी में एक घर से एक ही दिन डौली और अर्थी एक साथ उठी। यहां जिस घर में शादी की शहनाईयों की गूंज में मातम बदल गई। यहां बीते रोज जिस युवक की मौत संभवत हार्ट अटैक से हो गई थी उसी दिन उसकी बहन की डोली उठनी थी। उस घर से बहिन की डोली और भाई की अर्थी उठ गई। इस पूरी घटना के बाद अब पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। हर कोई गमगीन है।जानकारी के अनुसार 30 मार्च को ग्राम चौकी निवासी हक्के जाटव की बेटी की बारात आनी थी। ऐसे में परिवार का हर सदस्य शादी की खुशियों में मग्न था। इसी क्रम में हक्के का बेटा श्रीलाल उम्र 35 साल भी बहन की शादी की तैयारियों में लगा व्यस्त था। रात के समय घर में नाच-गाना चल रहा था तभी अचानक श्रीलाल के घबराहट हुई और उसे सीने में दर्द होने लगा। श्रीलाल की तबीयत बिगड़ती देख उसके रिश्तेदार और परिवार वाले उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर आए। जिला अस्पताल में श्रीलाल की गंभीर स्थिती को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ऐसे में हक्के के घर में शादियों क खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। वहीं दूसरी ओर एक समस्या खड़ी हो गई थी कि एक ही घर में एक दिन में अर्थी और डोली कैसे उठे। इस पर रिश्तेदारों ने सार्वजनिक सहमती से यह निर्णय लिया कि बेटी की शादी किसी रिश्तेदार के घर से करेंगे। बताया जा रहा है कि इसके बाद हक्के की बेटी को रात में ही उसके किसी रिश्तेदार के घर भेज दिया गया। शनिवार को वहां सिर्फ शादी की रस्म अदा की गई। इधर घर से बेटी की विदा होने के बाद बेटे के शव का शनिवार को घर ले जाया गया और जिस चौखट से बहन की डोली उठनी थी, उस चौखट से भाई की अर्थी उठाई गई। इस पूरे घटनाक्रम से क्षेत्र में गम का माहौल है।

### डीजे की धुन पर 105 साल के बुजुर्ग की निकाली शवयात्रा

करैरा के चौका गांव में 105 साल के पूर्व सरपंच भंवरसिंह यादव का शुक्रवार को निधन हो गया। शनिवार को परिजनों ने शव यात्रा में डीजे मंगवाया और धूमधाम से मुक्तिधाम पहुंचकर अंत्येष्टि की। शव यात्रा में डीजे पर 'श्रीराम जय राम जय जय राम भजन सहित हम छोड़ चले हैं इस मेहफिल को, याद आए कभी तो मत रोना। जीवन के सफर में तन्हाई मुझको तो ना जिंदा छोड़ेगी, मरने की खबर है जाने जिगर, मिल जाए कभी तो मत रोना फिल्मी गाने भी बजाए गए। डीजे के साथ निकाली गई शव यात्रा ने हर किसी को चौंका दिया और शवयात्रा पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही। लंबी आयु के बाद निधन होने पर परिजनों ने उत्सव की तरह पूर्व सरपंच को अंतिम विदाई दी।

## अमोला पुलिस ने अवैध हथियार लेकर घूम रहे युवक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के निर्देशन में एवं अति0पुलिस अधीक्षक संजीव मूले, एसडीओपी करैरा शिवनारायण मुकाती, थाना प्रभारी अमोला अमित चतुर्वेदी के नेतृत्व में चलाये जा रहे अवैध शराब, अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ के विरुध्द विशेष अभियान मे द्वारा मुखविर की सूचना पर ग्राम थरखेड़ा के सवापट्टी मोहल्ला मे से एक व्यक्ति को 33 इंच लम्बी धारदार तलवार के साथ पकड़ा। पकड़े गये उक्त व्यक्ति ने अपना नाम मंटू उर्फ कृष्णपाल पुत्र भानूप्रताप सिंह वैस उम्र 30 साल व के थरखेड़ा थाना अमोला का होना बताया। उक्त आरोपी पर पुलिस ने धारा 25 (बी) आर्म्स एक्ट तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे चौकी प्रभारी अमोलपठा अभिमन्यु राजावत, प्रआर कुमार शेरसिंह गौर, आर.राहुल कुमार, भगवान सिंह, प्रदीप महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### फिजीकल पुलिस ने फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

शिवपुरी। पुलिस अधीक्षकअमन सिंह राठौड़ व्दारा जिले में अवैध मादक पदार्थ, जुआ, सट्टा, अवैद हथियार, अवैध खनन परिवाहन, अवैध शराब एवं स्थाई वारंटियों की धरपकड़, लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जीरो टोलरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देशों के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले जी के निर्देशन एवं सीएसपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में फिजीकल पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर प्राप्त हुई कि माननीय न्यायालय शिवपुरी के प्रकरण क्रमांक 362/19 धारा 138 एनआईए एक्ट में फरार चल रहे स्थाई वारंटी दीपक खन्ना पुत्र श्यामलाल खन्ना उम्र 35 साल निवासी कमलागंज सब्जी मण्डी के सामने घोसीपुरा शिवपुरी का अपने घर पर है उक्त सूचना पर से स्थाई वारंटी दीपक खन्ना पुत्र श्यामलाल खन्ना उम्र 35 साल निवासी कमलागंज सब्जी मण्डी के सामने घोसीपुरा शिवपुरी को उसके घर से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक निरोध में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रजनी सिंह चौहान, सउनि बलवीर सिंह कौरव, आर. रामजीलाल कुशवाह, राजदेव चौधरी, जितेन्द्र धाकड़, सैनिक मनोज शर्मा की अहम भूमिका रही।

# पिता का प्रचार करने आएंगे महाआर्यमन सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र महानार्यमन सिंधिया 6 अप्रैल को शिवपुरी जिले के दौरे पर आ रहे हैं। महाआर्यमन दोपहर 3 बजे खनियांधाना पहुंचेंगे यहां मंगल गार्डन में युवा संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद शाम 6 बजे धाकुनी गुरूकुल स्कूल में युवा संवाद व शाम 7:30 बजे चंदेरी के लिए रवाना हो जाऐंगे। महाआर्यमन 8 अप्रैल को 2:30 कोलारस में युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। शाम 4:45 नक्षत्र कार्यक्रम में युवा संवाद कार्यक्रम करें तत्पश्चात ग्वालियर के लिए रवाना हो जाऐंगे।

### ग्राम पंचायत सिरसौद में 8 अप्रैल को ग्राम न्यायालय का आयोजन

शिवपुरी। जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम न्यायालय की बैठक आयोजित की जाएगी। यह ग्राम न्यायालय ग्राम पंचायत भवनों में लगाए जाएगें। इसी क्रम में 8 अप्रैल को ग्राम पंचायत सिरसौद में ग्राम न्यायालय का आयोजन किया जाएगा। न्यायाधिकारी जनपद पंचायत शिवपुरी जितेन्द्र मेहर ने बताया है कि ग्राम न्यायालय के लिए तिथियां निर्धारित की गई है। जिसके तहत 8 अप्रैल को ग्राम पंचायत सिरसौद, 22 अप्रैल को ग्राम पंचायत सतनवाड़ा में, 13 मई को ग्राम पंचायत सुरवाया में तथा 27 मई को ग्राम पंचायत सुभाषपुरा में, 10 जून को ग्राम पंचायत सिरसौद, 24 जून को ग्राम पंचायत सतनवाड़ा में ग्राम न्यायालय की बैठक होगी।

### चोरों ने रात्रि विश्राम के बहाने मंदिर में की रेकी, फिर दिया चोरी को अंजाम

# सेवाखेड़ी गांव के हनुमान मंदिर में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

पोहरी थाना क्षेत्र के सेवाखेड़ी गांव के हनुमान मंदिर से चोरी का मामला आया है। जहां चोर रात्रि विश्राम की कहकर मंदिर की रेकी करने आया और रात में समय मंदिर में रखे आभूषण सहित नगदी से चोरी कर ले गया। मंदिर के पुजारी की शिकायत पर पोहरी थाना पुलिस ने नामजद चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सेवाखेडी गांव के हनुमान मंदिर के पुजारी प्रहलाद त्यागी ने बताया कि रविवार की रात एक युवक मंदिर पर आया था। उसने अपना नाम मुकेश आदिवासी निवासी रामपुरा तहसील घाटीगांव का होना बताया था। मुकेश का कहना था कि वह पड़ोसी गांव दुल्हारा में मजदूरी करने आया था, साधन न मिलने के फेर में वह अपने गांव वापस नहीं लौट सका था। वह रात्रि में मंदिर में ही रुकने का आग्रह कर रहा था लेकिन मैने मुकेश आदिवासी को मंदिर परिसर में रुकने से इनकार कर दिया था। इसके बाद मुकेश मंदिर से चला गया था। कुछ घंटों बाद मुझे मंदिर की किचन से आवाजें सुनाई दी थी। जाकर देखा तो मुकेश आदिवासी बक्से में रखी पेटी को लेकर भाग गया था। किचन में अंदर जाकर देखा तो तिजोरी तिजोरी का ताला टूटा हुआ पड़ा था। तिजोरी में रखी जिस पेटी को लेकर मुकेश भागा था। उस पेटी में चांदी का मुकुट, कलंगी, चांदी के दो कानों के कुण्डल,चांदी के दो कड़े, 400 ग्राम चांदी का हार जिनकी कुल कीमत 40 के लगभग है और 40 हजार 500 केश भी रखे थे। जिन्हें चोर चुरा कर अपने साथ ले गया। पुलिस ने मुकेश आदिवासी निवासी रामपुरा, घाटीगांव के खिलाफ आईपीसी की धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### मंडी सचिव ने व्यापारी संगठनों को कराया अवगत

# दो अप्रैल से गेंहू की नीलामी अब नई मंडी में की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कृषि उपज मंडी के सचिव शिवकुमार शर्मा ने सभी व्यापारी संगठनो को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि आगामी 2 अप्रैल से गेहू की नीलामी नई कृषि उपज मंडी मे की जाएगी। गेहू की अधिक आवक होने के कारणो को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

उन्होने बताया कि पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली 2 से 5 बजे तक होगी। अभी तक गेहू की नीलामी पुरानी मंडी मे होती आ रही थी। दरअसल नई और पुरानी मंडी मे अंतर यह है कि नई मंडी मे आज तक कोई सुविधाए नही है। सिर्फ आप माल की नीलामी करा सकते हो तौल कराने के लिए तो आपको पुरानी मंडी ही आना पडेगा। क्योकि नई मंडी मे व्यापारियो के फड नही है। पिछले 5 साल से यही चल रहा है। कई कलेक्टर निकल गए। कई मंडी अधिकारी चलते बने। लेकिन व्यवस्था नही सुधर पाई। इस तरह के निर्णयो ने शहर की यातायात व्यवस्था को और चरमरा दिया। पूरे शहर मे टैक्टर नई मंडी से पुरानी मंडी और पुरानी से नई मंडी की ओर दौडते है। शहर ठप्प हो जाता है। नए मंडी षिवकुमार शर्मा ने जो नया आदेष जारी किया है। उससे शहर की यातायात व्यवस्था ठप्प होने वाली है। उन्होने बिना किसी परीक्षण और पूर्व मे हुए निर्णयो से कोई सबक नही लिया। इस नए आदेष मे सबसे अधिक गेहू की पैदाबार आने वाली इस मंडी मे अब गेहू को पुरानी मंडी से नई मंडी मे नीलामी के लिए भेजा जा रहा है। यहां किसान पहले नीलामी कराएगे। फिर वापिस पुरानी मंडी मे तौल कराने आएगे। एक किसान को 2 मंडीयो मे माल लेकर पहुचना पडेगा। क्योकि नई मंडी विकसित नही है। हजारो ट्रालिया जाएगी आएगी और रास्ते बंद हो जाएगें। अगर इसके स्थान पर अधिक आवक वाले गेहू के स्थान पर कम मात्रा मे आने वाली फसलो की नीलामी नई मंडी मे कराई जाती तो टैक्टर भी कम पहुचते और शहर की यातायात व्यवस्था भी खराब नही होती।

# सुयश मिश्रा ने पिता के सपनों को डॉक्टर बनकर किया साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी के रहने वाले सुयश मिश्रा ने एमबीबीएस बनने का अपने पिता का सपना भोपाल से पढ़ाई कर पूरा किया है। मध्य प्रदेश पुलिस से सब इंस्पेक्टर पद से रिटायर बृजभूषण मिश्रा का नाती 24 वर्ष की उम्र में सुयश मिश्रा शशांक एमबीबीएस बनकर अपने पिता स्वर्गीय डॉक्टर अशोक कुमार मिश्रा के सपनों को पूरा किया है। डॉक्टर अशोक मिश्रा का सपना था कि मेरा लड़का एमबीबीएस बनकर जरूरतमंदों गरीबों का निःशुल्क बेहतर इलाज कर सके। परंतु कोविड के दौरान कोरोनावायरस से पीड़ित लोगों का इलाज करते-करते वायरस का शिकार हो गए और हार्ट अटैक से अशोक मिश्रा की मृत्यु हो गई।

सनद रहे कि डॉ. अशोक मिश्रा एमबीबीएस एमडी थे जिनका 2021 में मृत्यु हो गई थी। परंतु बेटे ने पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। दिन-रात मेहनत करके पीपल्स कालेज ऑफ मेडिकल एंड रिसर्च सेन्टर विश्व विद्यालय भोपाल मध्य प्रदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई कर परीक्षा पास करके एमबीबीएस बनकर पिता के अधूरे सपनों को पूरा किया। डॉ सुयश मिश्रा शशांक एक भाई और एक बहन है। बहन का नाम उन्नति मिश्रा साक्षी है 18 वर्ष की उम्र में मध्य प्रदेश के एक बड़े टीवी चैनल में न्यूज एंकर हैं। पीसीएस जे की तैयारी कर रही हैं। सुयश मिश्रा की बहन उन्नति मिश्रा शिवपुरी में एक स्कूल की संचालिका हैं। डॉक्टर बनने की खबर जैसे ही गांव में लोगों को मिली वैसे ही बधाई देने वालों का तांता लग गया। घर पर मौजूद डॉ. शशांक के बड़े पिता हाई कोर्ट मध्य प्रदेश के एडवोकेट सुरेश कुमार मिश्रा एवं बाबा बृजभूषण मिश्रा को लोगों ने माला पहनाकर मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दीं।

### राजेश्वरी मंदिर में नेकी की दीवार का शुभारंभ, सब्जी विक्रेता को दिया छाता, जेसीआई मणिका चैप्टर भी बना

# जेसीआई के नेशनल प्रेसीडेंट के साथ मिलकर जेसीआई डायनेमिक ने की सेवा गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

प्रवास पर आए जेसीआई के नेशनल वाईस प्रेसीडेंट के साथ शिवपुरी में जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक के द्वारा जहां सेवा गतिविधियां की गई तो वहीं एक और नए अध्याय के रूप में नए चैप्टर जेसीआई शिवपुरी मणिका का भी निर्माण किया गया जिसकी नवीन अध्यक्ष मणिका शर्मा को जेसी पिन लगाकर यह महती जिम्मेदार सौंपी गई।

इसके साथ ही यहां जेसीआई डायनेमिक अध्यक्ष कविता अरोरा व उनकी टीम के द्वारा नेशनल वाईस प्रेसीडेंट ए.सर्वानन का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया, साथ ही यहां जोन 4 के अध्यक्ष जेसी आनंद मिश्रा, जेडव्हीपी रीजन ए जेसी अभिषेक गुप्ता, जेडव्हीपी बी जेसी आदित्य सोनी, जेडएस जेसी अमृता शर्मा एवं जेसी उदित नागौरी भी शिवपुरी प्रवास पर आए।

इस दौरान जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक संस्था के द्वारा अतिथियों का शानदार स्वागत किया गया। सबसे पहले राज राजेश्वरी मंदिर के बड़े महंत के द्वारा अतिथियों का टीका व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया, उसके बाद नेकी की दीवार का उदघाटन हुआ। इसके साथ ही एनव्हीपी ए सर्वानन के द्वारा देखा गया कि एक सब्जी वाले भैया गर्मी में बिना छांव के ही अपना कारोबार कर रहे है जिस पर तत्काल उन्होंने आगे आकर सब्जी वाले भैय को एक छाता प्रदान किया। इसके साथ ही अध्यक्ष जेसी कविता अरोरा को अप्रीशीऐशन (प्रोत्साहन) के रूप में हस्त लिखित लेटर(प्रशस्ति पत्र) भी प्रदान किया।

### शासकीय एकीकृत स्कूल कोटा को दान किया वाटर प्यूरी फायर

इसके साथ ही जोन से आए सभी सीनियर्स के साथ जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक की टीम ग्राम कोटा स्थित शासकीय एकीकृत स्कूल परिसर पहुंचे जहां सेवा गतिविधि स्वरूप विद्यालय परिसर में एक वॉटर प्यूरीफायर दान में किया गया। एनव्हीपी श्री सर्वानन के द्वारा जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक की सेवा गतिविधियों को सरहा और सेवा कार्य की प्रशंसा की गई। इसके बाद नक्षत्र गार्डन में आकर सभी गतिशील सदस्यों ने एनवीपी और सभी जोन के सीनियर्स के साथ लंच किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक अध्यक्ष कविता अरोरा के द्वारा अपनी 3 महीने की रिपोर्ट भी सदन में सभी के समक्ष रखी।

### जेसीआई के नए चैप्टर जेसीआई शिवपुरी मणिका का किया निर्माण

इस अवसर पर एनवीपी ए सर्वानन के द्वारा जेसीआई संस्था के कार्यों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया साथ ही कार्यक्रम में आतिथ्य स्वीकार करने पर यहां जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक के द्वारा एनव्हीपी महोदय को शानदार गिफ्ट के रूप में एक नया चैप्टर दिया गया जिसमें जेसीआई शिवपुरी मणिका के लिए जोन अध्यक्ष जेसी आनंद मिश्रा और जेडवीपी अभिषेक गुप्ता का पूरा सहयोग रहा। प्रोग्राम में जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक की फाउंडर प्रेसिडेंट डॉ.सुषमा पाण्डे का विशेष योगदान रहा साथ ही संस्था की पूर्व अध्यक्ष जेसी किरण उप्पल और आईपीपी जेसी अनु मित्तल की गरिमामयी उपस्थिती भी रही। इसके साथ ही यहां एनव्हीपी ए सर्वानन के द्वारा नए चैप्टर जेसीआई शिवपुरी मणिका की नवीन अध्यक्ष जेसी मणिका शर्मा को जेसी पिन उपहार के रूप में दी गई। अंत में जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक के सदस्यों को स्मृति चिह्न दिए गए और आभार प्रदर्शन सचिव जेसी शिल्पा दुबे के द्वारा व्यक्त किया गया।